# पुणना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| PERIODIC ASSIGNMENT -1 2022-23 | |
|---|---|
| Grade – IV | विषय - हिंदी - |
| Syllabus – CH- 1,2 | FROM TEXTBOOK |

**[ READING SECTION] पठन**

**Q .1 . निम्नलिखित गंधाश के प्रश्नो के उत्तर लिखो।**

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नरनारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन - यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ कीतपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

(कगरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं (?

(i) मछलियों ने

(ii) जानवरों ने

(iii) मनुष्यों ने

(iv) इन सभी ने

(ख अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए है (ं?

(i) वातानुकूलन के यंत्र

(ii) भूकंपरोधी यंत्र

(iii) परीक्षण यंत्र

(iv) उपर्युक्त सभी

(ग समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते है (ं?

(i) हिमालय पर

(ii) शिमला

(iii) पहाड़ों पर

(iv) कन्याकुमारी

(घ (प्यास बुझाने के लिए क्या है?

(i) पानी

(ii) शीतल पेय

(iii) घड़े का जल

(iv) फ्रिज का जल

(ङ गरमी में आम लोगों के लिए क्या है (?

(i) बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ

(ii) शीतल पेय

(iii) पानी

(iv) प्याऊ

**2.** संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरेधीरे म-नुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव मेंघृणा, ईश्र्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

**(क मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा ह (ै**

(i) संतों के अनुभव से

(ii) वर्ण भेद से

(iii) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से

(iv) अपनी शुभ बुधि से

**(ख विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है (|**

(i) देशों में भिन्नता बढ़ी है।

(ii) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है।

(iii) देशों की दूरियाँ कम हुई है।

(iv) देशों में विदेशी व्यापार बढ़ा है।

**(ग देश में आज भी कौन सी समस्या है-**

(i) नफ़रत की

(ii) वर्णभेद की-

(iii) सांप्रदायिकता की

(iv) अमीरीगरीबी की-

**(घ किस कारण से देश में मानव के बीच , घृणा, ईश्र्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है?**

(i) नफ़रत से

(ii) सांप्रदायिकता से

(iii) अमीरी गरीबी के कारण

(iv) वर्णभेद के कारण-

**(ङमानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है (**

(i) शिक्षा का व्यापक प्रसार

(ii) धर्म का व्यापक प्रसार

(ii) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार

(iv) उपर्युक्त सभी

**[WRITING SECTION ] लेखन**

**Q .2 ( A)** अनुच्छेद लिखिए गीष्म ऋतु

- **ग्रीष्म ऋतु साल का सबसे गर्म मौसम होता है, जिसमें दिन के समय बाहर जाना काफी मुश्किल होता है।**
- **इस दौरान लोग आमतौर पर बाजार देर शाम या रात में जाते हैं**
- **बहुत से लोग गर्मियों में सुबह में टहलना पसंद करते हैं।**
- **इस मौसम में धूल से भरी हुई, शुष्क और गर्म हवा पूरे दिन भर चलती रहती है।**
- **कभी-कभी लोग अधिक गरमी के कारण हीट-स्ट्रोक, डीहाइड्रेशन पानी की कमी डायरिया, हैजा, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी प्रभावित हो जाते हैं।**
- **गर्मी के मौसम के दौरान हमें आरामदायक सूती कपड़े पहनने चाहिए।**
- **हमें गर्मी की ऊष्मा से बचने के लिए ठंडे पदार्थों का सेवन करना चाहिए।**
- **हमें गरमी में पक्षियों को बचाने के लिए अपनी बॉलकनी या गलियारेज़ में थोड़ा सा पानी और कुछ चावल या अनाज के दाने रख देने चाहिए।**
- **गर्मियों के मौसम में ठंडक प्रदान करने वाले संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए हालांकि, ग्लोबल वार्मिंग के बुरे प्रभावों को रोकने के लिए बिजली का प्रयोग कम करना चाहिए।**
- **दिन के दौरान, हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाव के लिए विशेष रुप से, सुबह से शाम तक बाहर नहीं जाना चाहिए।**
- **अपने आस-पास के क्षेत्रों में अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और गर्मी को कम करने के लिए उन्हें नियमित रुप से पानी देना चाहिए।**
- **शरीर में पानी की कमी और लू लगने हीट स्ट्रोक से बचने के लिए बहुत सारा पानी पीना चाहिए।**
- **गर्मियों की छुट्टियों के दौरान गर्मियों का सामना करने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में जाना चाहिए।**

**मेरे प्रिय शिक्षक**

शिक्षक एक माली के रूप में न केवल पौधे रूपी विद्यार्थियों को पोषित करता है, बल्कि उन्हें एक बेहतर मनुष्य के रूप में पल्लवित कर, संस्कार रूपी पुष्प खिलाकर, सदगुणों की महक भी देता है। हमारे सामाजिक और मानसिक स्तर को बनाने में शिक्षक का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है।

शिक्षक या गुरु उस कुम्हार के समान होता है, जो मिट्टी के बर्तन बनाते समय उसे एक हाथ से संभालता और दूसरे हाथ से आकार देता है। ठीक उसी प्रकार शिक्षक भी अनुशासन के साथ हमें आकार देते हैं, ताकि हम एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हों। शिक्षक के बिना बेहतर समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

हमारे विद्यालय में अनेक शिक्षक और शिक्षिकाएं हैं, जो बच्चों को अलग-अलग विषय का ज्ञान देते हैं। सभी शिक्षक बहुत अच्छे और हम सभी विद्यार्थियों के सम्माननीय हैं। सुबह स्कूल खुलने के बाद वे सभी बच्चों से पहले विद्यालय पहुंचते हैं और सभी बच्चों के आ जाने पर वे प्रार्थना करवाते हैं। प्रार्थना के समय वे हमें प्रेरणा देने वाले म हापुरुषों के अनमोल वचन भी सुनाते हैं।

कक्षा में पढ़ाते समय वे हमें अपने-अपने विषय का समुचित ज्ञान देते हैं, और समझ न आने पर हमारी हर शंका का समाधान भी करते हैं। कक्षा में पढ़ाने के साथ-साथ शिक्षक हमें कई अच्छी-अच्छी बातें भी समझाते हैं जैसे - बड़ों का सम्मान करना, सुबह उठकर धरती के पैर छूना, अपनी गलती पर क्षमा मांगना और विनम्रता पूर्वक व्यवहार करना आदि।

शिक्षक हमें इन सभी बातों को समझाने के साथ ही कहानियां और प्रेरक व्यक्तित्व वाले लोगों के जीवन के किस्से भी सुनाते हैं। हमसे गलतियां होने पर वे प्यार से समझाते हैं, तो कभी-कभी डांट भी लगा देते हैं। लेकिन हमारे प्रिय शिक्षक कभी अपने विद्यार्थियों में भेदभाव नहीं करते। वे हमेशा विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हैं और खेल-कूद एवं पढ़ाई में समान रूप से ध्यान देने की सीख भी देते हैं।

**Q .2 ( B) पत्र लिखिए।**

**अनौपचारिक पत्र- मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने हेतु पत्र।**

७२, कंकड़बाग,
वीरप्रताप सोसायटी,
पटना।
२७, अप्रैल, २०२१
प्रिय राघव,
तुम्हे याद होगा कि ९ मई को मेरा जन्मदिन है।हर वर्ष की तरह इस बार भी मेरे माता-पिता जन्मदिन के अवसर पर पार्टी का अयोजन कर रहे है।मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस पार्टी मे शामिल होकर मुझे प्रसन्नता प्रदान करो।

इस बार केक काटने के साथ- साथ संध्या संगीत का भी आयोजन रखा गया है।पार्टी शाम को ६ बजे से शुरू होगी तो तुम्हे अपने  परिवार के साथ आना है।मै तुम्हारा इंतजार करूँगा।

अपने माता-पिता को मेरा प्रणाम कहना और छोटी बहन को प्यार देना।

तुम्हारा मित्र
सागर

**[GRAMMAR SECTION] व्याकरण**

**Q 1.निम्नलिखित शब्दो के पर्ययिवाची शब्द लिखिए।**

आँख-नेत्र, नयन, चक्षु

सूर्य-सूरज, रवि, भानु

पृथ्वी-भू, अवनी, धरती

पुत्र-बेटा, सुत, नंदन

सुंगध-महक, खुशबू, गंध

इच्छा-चाह, कामना, अभिलाषा ि

नदी-सरिता, तटनी

पेड़-तरु, वृक्ष, पादप

Q .2निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

आशा x निराशा

ज्ञान x अज्ञान

उदय x अस्त

डयालु x निर्दय

क्षमा x दंड

मित्र x शत्रु

धनी x निर्धन

ब्हुत x थोड़ा

**Q 3. निम्नलिखित वाक्यों नें संज्ञा और उनके प्रकार लिखिए।**

| | |
|---|---|
| १-वह कल रात को आया था। | जातिवाचक संज्ञा |
| २-हिरन इधर-उधर दौड़ रहे थे। | जातिवाचक संज्ञा |
| ३-हिमालय पर्वत बहुत ऊचाँ है। | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| ४-आज बहुत गरमी है। | भाववाचक संज्ञा |
| ५-हम लोग अमेरिका मे रहते है। | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| ६-सेना आगे बढ़ रही है। | जातिवाचक संज्ञा |
| ७-लक्ष्मीबाई की वीरता जगत प्रसिसद्रध है। | भाववाचक संज्ञा |
| ८-बीरबल की चतुराई देखकर अकबर बहुत प्रसन्न हुए। | भाववाचक संज्ञा |
| ९-सोने की शुद्रता की परख जौहरी ही कर सकता है। | भाववाचक संज्ञा |
| १0-मुझे बहुत भूख लगी है। | भाववाचक संज्ञा |

**[LITERATURE SECTION ] पाठ्य पुस्तक / साहित्य**

**Q.1 निम्नलिखित शब्दो के अर्थ लिखिए।**

- तोंद : बढ़ा हुआ पेट
- कूबड़ : उभरा हुआ हिस्सा
- मतवाले : मनमौजी
- भले : अच्छे

- जिद्दी : हठी
- बादशााह : राजा
- तरीका : उपाय
- दरबारी : सभा का एकसदस्य
- मूर्ख : बेवकूफ़
- कोशिश : प्रयत्न
- धोखा देना : छल करना
- विश्वास : भरोसा
- ज़मीन : भूमि
- आकाश : नभ
- आबादी : जनसंख्या
- संतुष्ट : संतोष

**Q 2.निम्नलिखित प्रश्नों के वैकलिपक प्रश्न के उत्तर लिखिए।**

**१-बादलों के किसके समान पंख लगे हुए हैं?**

उत्तरः (क) चिड़िया के समान (ख) पक्षियो के समान
**(ग) परियो के समान** (घ) जोकर के समान

**२-बादल के थैलों मे क्या है?**

उत्तरः (क) पत्थर **(ख) पानी**
(ग) धुआँ (घ ) ओस

**३- बादल क्या बजाते है?**

उत्तरः **(क) ढोलक और ढोल** (ख) मृदग और तबला
(ग) शहनाई और तानपूरा (घ) सितार और सारंगी

**४-बादल कहाँ बाढ़ लाते है?**

उत्तरः **(क) नदी-नालों में** (ख) घर मे
(ग) छत पर (घ) समुद्र मे

**५ -बीरबल किसका पसंदीदा व्यक्ति था ?**

उत्तरः **(क) बादशाह अकबर का** (ख) ख्वाजा सरा का
(ग) सभी दरबारी का (घ) इनमे से कोई नही

**६-ख्वाजा सरा का अनुरोध सुनकर अकबरने किसे बुलाया?**

उत्तरः (क) पुरोहित को (ख) **बीरबल**
(ग) संतरी को (घ) सभी दरबारियो को

**७- ख्वाजा साहब के सवालों के जवाब देने के लिए भेड़ किसने मँगवाई थी?**

उत्तरः **(क) अकबर ने** (ख) ख्वाजा ने

(ग) महारानी (घ) राजवैध ने

**८-अंत मे बीरबल ने किसे निरूत्तर कर दिया?**

उत्तरः (क)ख्वाजा को **(ख) अकबर को**

(ग) दरबारियो को (घ) संतरी को

**Q 3निम्नलिखित सही कथन पर सही और गलत पर गलत का निशान लगाए।**

१-बादल के गाल गुब्बारे जैसे है। **( सही )**

२-कुछ बादल बिना कूबड़ वाले ऊँटो जैसे दिख रहे है। **( गलत )**

३-बादल किसी की कुछ भी नही सुनते है। **( सही )**

४-ख्वाजा सरा को विश्वास था कि बीरबल उसके प्रश्नो का ठीक-ठीक उत्तर नही दे पाएगा। **( सही )**

५-बीरबल ने "नकली अक्ल-बहादुर " का प्रयोग ख्वाजा सरा के लिए किया था। **( गलत )**

६-ख्वाजा सरा ने तीनों सवाल बीरबल को लिखकरबी दिए थे। **( गलत )**

७-बीरबल के उत्तरों से ख्वाजा सरा संतुष्ट न था। **( सही )**

**Q 4.निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

१- बादल कभी-कभी **जिद्दी** बन जाते है।

२-बादल का मन **भोला-भाला** है।

३- कुछ बादल चूपके से अपने थैलो मे **पानी** भर रहे है।

४- बादल **नदी-नालो** में बाढ़ लाते है।

५- बादलों के परियों समान **पंख** लगे हुए है।

६-बीरबल की **बुद्धी** के सामने बड़े-बडो की कुछ नहीं चल पाती थी।

७-बीरबल ने पहले प्रश्न का उत्तर जमीन पर अपनी **छड़ी** गाड़कर दिया।

८-संसार में हर पल लोगों का **मरना-जीना** लगा रहता है।

९-बीरबल के **उत्तर** सुनकर बादशाह संतुष्ट था।

१0-बीरबल के **जवाबो** को गलत साबित नही किया जा सका।

**Q 5. निम्नलिखित प्रश्नो के अतिलघु उत्तर लिखिए।**

**१-बादल झुम-झुम कर क्या कर रहे है?**

उत्तरः बादल झुम-झुम कर काले बादल ला रहे है।

**२-बादल किस प्रकार पानी बरसा रहे है?**

उत्तरः बादल रिमझिम पानी बरसा रहे है।

**३-बादल छत पर आने के बाद क्या कर रहे है?**

उत्तरःबादल छत पर आने के बाद कभी सामने आ रहे है तो कभी उड़ जाते है।

**४- ख्वाजा सरा कौन था?**

उत्तरः ख्वाजा सरा बादशाह अकबर का एक दरबारी था।

**५- ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए क्या किया?**

उत्तरः ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए कुछ मुश्किल प्रश्न सोचे।

**६- ख्वाजा सरा अकबर के पास क्यों गया था?**

उत्तरः ख्वाजा सरा अकबर के पास तीन सवालो के जवाब पूछने गया था।

**Q 6. निम्नलिखित प्रश्नो के लघु उत्तर लिखिए।**

**१-बादल किस रूप ,रंग और आकार के है?**

उत्तरः बादल जोकर-से तोंद फुलाए ,ऊँट-से कूबड़ वाले ,हाथी-से सूँड और परियों से पंख के आकार के है।

**३-कविता में बादल की शेर से किस प्रकार तुलना की गई है?**

उत्तरः जब बादल आपस में टकरात रहते हैं,तब शेर से तुलना की गई है।

**४-बादलो को मन के भोले-भाले बादल क्यों कहा गया है?**

उत्तरः कवि ने बादल की वर्णन करते हुए कहा है कि बादल कुछ भी करे किन्तु इन सब के बावजूद ये बादल बहुत अच्छे है ये मन के भोले भाले है।

**५-बीरबल ने प्रश्नों के गोलमाल जवाब क्यों दिए थे?**

उत्तरः बीरबल ने प्रश्नों के गोलमाल जवाब इसलिए दिए क्योंकि वो ख्वाजा सरा का घंमड़ चुर क्रना चाहता था।

**६-कुछ दरबारी बीरबल से क्यों जलते थे?**

उत्तरः बीरबल की बुद्धी के आगे बड़ों-बड़ों की भी कुछ नही चल पाता था ।इसलिए कुछ दरबारी बीरबल से जलते थे।

**७- अकबर के सामने भेड क्यों लाई थी?**

उत्तरः अकबर के सामने भेड़ ख्वाजा को जवाब देने के लिए लाई गई थी,कि आकाश में कितने तारे है वह भेड़ के शरीर मे जितने बाल है उसे गिन ले।

**Q 7. निम्नलिखित प्रश्नो के दीर्घ उत्तर लिखिए।-**

**१-बादल किन-किन प्राणियों के समान प्रतीत हो रहे है?कविता मे उन प्राणियों की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई है?**

उत्तरःबादल मे जोकर,ऊँट, हाथी और परियों के समान प्रतीत हो रहे है। कविता मे बादल जोकर-से तोंद फुलाए,ऊँट-से कूबड़ वाले,हाथी-से सूँड और परियों से पंख के आकार के है।

**२-कविता मे बादल के किन-किन कार्यों का उल्लेख किया गया है?**

उत्तरःकविता मे कुछ बादल रह-रह कर शैतानी कर रहे है,कुछ चूपके से अपने थैलो मे पानी

भर रहे है, कुछ ढोल बजा रहे है, कुछ रह-रह के छत पर आ जाते है और कुछ जिद्दी बन कर नदी-नालों मे बाढ़ लाते हैं।

**३-अकबर के सामने भेड़ क्यों लाई गई थी?**

उत्तरः अकबर के सामने भेड इसलिए लाई क्यों की बीरबल ने ख्वाजा का दुसरा प्रश्न का जवाब भेड़ की मात्रा से उत्तर दिया।इसलिए भेड़ को बुलवाया गया।

**४- ख्वाजा का अंतिम प्रश्न क्या था?बीरबल ने उसका क्या उत्तर दिया?**

उत्तरः ख्वाजा का अंतिम प्रश्न था कि संसार की आबादी कितनी है।और बीरबल ने उत्तर दिया की सभी लोगो को एक इक्ठ्ठा किया जाए तब उनको गिनकर संसार की आबादी का पता लगा सकते है।